# पशु आहार संयंत्र शिवपुरी, जिला शिवपुरी

## पुराना बड़ा जूट बारदाना एवं प्लास्टिक बैग के विक्रय हेतु ई–निविदा (तृतीय)

# दिनांक 22/07/2026

CATTLE FEED FACTORY SHIVPRURI (M.P.)
**Phones :9340368825**
**E-mail :cff.gds@sanchidairy.com**

# ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित ग्वालियर (म.प्र.) ::
# :: इकाई :: पशु आहार संयंत्र शिवपुरी (म.प्र.)

## —: ई—निविदा संबंधी जानकारी :—

## पुराना बड़ा जूट बारदाना एवं प्लास्टिक बैग के विक्रय हेतु ई—निविदा (तृतीय)

| S.No. | Process Details | Date/time (Hrs.) |
|---|---|---|
| 1 | Purchase of Tender Start Date | 07.07.2026/ 11 AM |
| 2 | Purchase of Tender End Date | 22.07.2026/ 3PM |
| 3 | Bid Submission End Date | 22.07.2026/ 3 PM |
| 4 | Bid Opening Date | 23.07.2026/ 3.30 PM |

निविदा प्रपत्र का मूल्य :— रू. 500/— (पॉच सौ रू. मात्र)

निविदा खोलने का स्थान :— ग्वालियर सह. दुग्ध संघ मर्या. ग्वालियर गोले का मन्दिर ग्वालियर (म.प्र.)

EMD :— **रू. 25000 (पच्चीस हजार रू. मात्र)**

**Annexure-I** :— निविदा शर्तें
**Annexure-II** :— अनुबंध
**Annexure-III (अ)** :— तकनीकी प्रपत्र एवं **EMD** विवरण
**Annexure-III (ब)** :— दर प्रपत्र

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.

# Annexure-I

## :: ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित ग्वालियर (म.प्र.) ::

## :: इकाई :: पशु आहार संयंत्र शिवपुरी (म.प्र.)

## :: पुराना बारदाना की विक्रय शर्ते ::

निविदाकर्ता का नाम : ——————————————————————————

निविदाकर्ता का पता : ——————————————————————————

1. पशु आहार संयंत्र शिवपुरी में पुराना बड़ा बारदाना (मात्रा लगभग 3 लाख नग) एवं छोटे प्लास्टिक पुराने बैग (मात्रा लगभग 3 लाख नग) का संग्रहित स्टॉक 1 वर्ष में (नियमित अन्तराल)उठाना होगा।
2. EMD ऑनलाईन जमा करनी होगी पुराना बड़ा बारदाना उठाने का आदेश मिलने पर सुरक्षा राशि रू. 25000/—(रूपये पच्चीस हजार मात्र) GWALIOR SAHKARI DUGDH SANGH CATTLE FEED FACTORY, SHIVPURI के नाम से EMD के अतिरिक्त जमा करानी होंगी। कुल सुरक्षा निधि राशि 50,000.00 (पचास हजार रू.) जमा करनी होगी अमानत राशि एवं सुरक्षानिधि की रकम पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा तथा सुरक्षा राशि क्रेता को करार पूर्ण होने पर एक माह के अंदर वापस कर दी जावेगी। बिना अमानत राशि निविदा विचारणीय नहीं होगी।
3. सफल निविदाकार को दर स्वीकृति सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रु. एक हजार मात्र के नॉन जुडीशियल स्टाम्प पर अनुबंध हस्ताक्षरित करना होगा। तत्पश्चात् बारदाने उठाने संबंधित आदेश मिलने पर 3 दिन के अंदर बारदाने उठाने का कार्य प्रारंभ करना होगा एवं प्रति माह में कम–से–कम दो ट्रक बड़ा बारदाना एवं प्लास्टिक बैग उठाना होगा। क्रेता द्वारा यदि बारदाना उपरोक्तानुसार नहीं उठाया जाता है तो संस्था गोदाम में कच्चे माल के भण्डारण की समस्या को देखते हुए अन्य क्रेता को अनुमोदित दर पर बारदाना विक्रय कर सकता है। यदि अनुमोदित दर पर अन्य क्रेता बारदाना उठाने के लिए तैयार नहीं है तो कच्चा माल भण्डारण की समस्या को देखते हुए कम दर से बारदाना विक्रय करने पर अंतर की राशि क्रेता की सुरक्षाराशि से समायोजित की जावेगी। अधिकृत क्रेता को एक वर्ष तक का भण्डारित होने वाला बारदाना उठाना होगा। माल की सुपुर्दगी इस कार्यालय में माल की पूर्ण राशि बैंक ड्राफ्ट/ RTGS द्वारा जमा होने के बाद दी जावेगी।
4. क्रेता को बारदाना स्वयं उठाने की व्यवस्था करनी होगी, बारदाना समयावधि में न उठाने पर सुरक्षाराशि राजसात करने का तथा वैकल्पिक विक्रय व्यवस्था सम्पादन का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित ग्वालियर को रहेगा। निविदाकार द्वारा प्रति माह 25 हजार बारदाना की मूल्य राशि पशु आहार संयंत्र शिवपुरी के खाते में जमा कराई जाना अति आवश्यक होगा। इस राशि के जमा ना होने की स्थिति में माना जायेगा की निविदाकार बारदाना उठाने की स्थिति में नहीं है, एवं इस स्थिति में भी समान कार्यवाही की जावेगी।

5. निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि से स्वयं क्रेता को ही बारदाना दिया जावेगा, अन्य किसी क्रेता को बारदाना, जमा राशि से नहीं दिया जावेगा।
6. बारदाना जहां है उसी श्रेणी व स्थिति में उठाना होगा। बारदाना उठाने के पश्चात् संस्था की किसी भी प्रकार की जबाबदारी नहीं रहेगी। बारदाना लोडिंग संयंत्र स्टाफ व सुरक्षा गार्ड के समक्ष गिनवाकर होगी, जिसे उनके द्वारा सत्यापित किया जायेगा।
7. सुपुर्दगी कार्यालयीन दिन व समय में की जावेगी। विशेष परिस्थिति में कार्यालय समय पश्चात् माल की सुपुर्दगी देना प्रभारी महाप्रबंधक के विशेषाधिकार में रहेगा। बारदाना लोडिंग के पूर्व खाली ट्रक तुलवाना तथा लोडिंग के प्श्चात् भरा ट्रक तुलवाकर, नेट वजन चालान में अंकित कराना अनिवार्य होगा।
8. निविदा में बारदाने की दी गई मात्रा अनुमानित है जो कि कम या अधिक हो सकती है।
9. सुरक्षा राशि के एवज में बारदाना नहीं दिया जावेगा। सुरक्षा राशि अनुमोदित अवधि की समाप्ति पर क्रेता द्वारा मूल रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर ही चैक द्वारा वापस की जावेगी।
10. भावपत्र में अधिकतम दर दी जाने वाली प्रथम दो पार्टियों की अमानत राशि जमा रखी जायेगी। शेष पार्टियों की अमानत राशि जमा रसीद की मूल प्रति आवेदन के साथ प्रस्तुत करने पर पन्द्रह कार्यालयीन दिवस के अंदर वापस की जावेगी।
11. प्रथम उच्चतम दर निविदाकार की निविदा निरस्त होने की दशा में द्वितीय उच्चतम दर निविदाकार को अवसर दिया जायेगा।
12. यदि निविदाकार द्वारा निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार से उल्लंघन किया जाता है तो अमानत राशि एवं सुरक्षा राशि एवं अन्य जमा सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।
13. पुराने बारदानों के विक्रय हेतु, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, ग्वालियर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
14. किसी अथवा समस्त निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित ग्वालियर को रहेगा।
15. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक एमपीसीडीएफ ,भोपाल के समक्ष प्रकरण रखा जावेगा जिनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
16. समस्त अदालती विवाद ग्वालियर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे ।
17. आर्बीटेशन की स्थिती में आर्बीटेशन एक्ट 1996 के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.**

# Annexure-II

।। अनुबंध पत्र।।

यह अनुबंध पत्र पशु आहार संयंत्र, शिवपुरी जिसका कि पंजीकृत कार्यालय शिवपुरी है(एतद् पश्चात संघ के नाम से सम्बोधित किया जावेगा) तथा संघ के अधिकृत प्रतिनिधि अधिहस्तांतरित निष्पादकगण, प्रशासकगण तथा उत्तराधिकारीगण जब तक कि कोई विपरीत आशय न हो अनुबंध के प्रथम पक्ष के रूप में सम्मिलित समझे जावेंगे तथा मेसर्स ................................. (जिसे एतद् पश्चात् ठेकेदार के नाम से सम्बोधित किया जावेगा) तथा उसके व्यावसायिकउत्तराधिकारीगण स्वीकृत अधिहस्तान्तरित एवं कानूनी उत्तराधिकारीगण जब तक कि कोई विपरीत आशय न हो अनुबंध के द्वितीय पक्ष के रूप में ठेकेदार सम्मिलित समझे जावेंगे, के मध्य दिनांक ................. को शिवपुरी में स्वेच्छा से सम्पादित किया गया जो प्रमाण रहे और समय पर काम आवे।

यह कि अनुबंध के पक्षकारों के मध्य निम्नानुसार शर्तों (जिन्हें विक्रय की शर्त कहा जावेगा) के अधीन कार्य करना तय पाया गया है।

1. ठेके की अवधि कार्यादेश से एक वर्ष तक के लिये होगी।तदापि क्रेता का कार्य संतोषजनक पाये जाने पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्या.द्वारा उन्ही दरों एवं शर्तों पर तीन–तीन माह कर छः माह तक अनुबंध अवधि में अतिरिक्त वृद्धि की जा सकेगी।
2. पशु आहार संयंत्र शिवपुरी में पुराना बड़ा बारदाना (मात्रा लगभग 3 लाख नग) एवं छोटे प्लास्टिक पुराने बैग (मात्रा लगभग 3 लाख नग) का संग्रहित स्टॉक 1 वर्ष में (नियमित अन्तराल)उठाना होगा।
3. EMD ऑनलाईन जमा करनी होगी पुराना बड़ा बारदाना उठाने का आदेश मिलने पर सुरक्षा राशि रू. 25000/–(रूपये पच्चीस हजार मात्र) GWALIOR SAHKARI DUGDH SANGH CATTLE FEED FACTORY, SHIVPURI के नाम से EMD के अतिरिक्त जमा करानी होंगी। कुल सुरक्षा निधि राशि 50,000.00 (पचास हजार रू.) जमा करनी होगी अमानत राशि एवं सुरक्षानिधि की रकम पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा तथा सुरक्षा राशि क्रेता को करार पूर्ण होने पर एक माह के अंदर वापस कर दी जावेगी। बिना अमानत राशि निविदा विचारणीय नहीं होगी।
4. सफल निविदाकार को दर स्वीकृति सूचना प्राप्त होने पर तत्काल रु. एक हजार मात्र के नॉन जुडीशियल स्टाम्प पर अनुबंध हस्ताक्षरित करना होगा। तत्पश्चात् बारदाने उठाने संबंधित आदेश मिलने पर 3 दिन के अंदर बारदाने उठाने का कार्य प्रारंभ करना होगा एवं प्रति माह में कम–से–कम दो ट्रक बड़ा बारदाना एवं प्लास्टिक बैग उठाना होगा। क्रेता द्वारा यदि बारदाना उपरोक्तानुसार नहीं उठाया जाता है तो संस्था गोदाम में कच्चे माल के भण्डारण की समस्या को देखते हुए अन्य क्रेता को अनुमोदित दर पर बारदाना विक्रय कर सकता है। यदि अनुमोदित दर पर अन्य क्रेता बारदाना उठाने के लिए तैयार नहीं है तो कच्चा माल भण्डारण की समस्या को देखते हुए कम दर से बारदाना विक्रय करने पर अंतर की राशि क्रेता की सुरक्षाराशि से समायोजित की जावेगी। अधिकृत क्रेता को एक वर्ष तक का भण्डारित होने वाला बारदाना उठाना होगा। माल की सुपुर्दगी इस कार्यालय में माल की पूर्ण राशि बैंक ड्राफ्ट/ RTGS द्वारा जमा होने के बाद दी जावेगी।
5. क्रेता को बारदाना स्वयं उठाने की व्यवस्था करनी होगी, बारदाना समयावधि में न उठाने पर सुरक्षाराशि राजसात करने का तथा वैकल्पिक विक्रय व्यवस्था सम्पादन का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी, ग्वालियर सहकारी दुग्ध संध मर्यादित ग्वालियर को रहेगा। निविदाकार द्वारा प्रति माह 20 हजार बारदाना की मूल्य राशि पशु आहार संयंत्र शिवपुरी के खाते में जमा कराई जाना अति आवश्यक होगा। इस राशि के जमा ना होने की स्थिति में माना जायेगा की निविदाकार बारदाना उठाने की स्थिति में नहीं है, एवं इस स्थिति में भी समान कार्यवाही की जावेगी।

6. पुराना बारदाना में फटा–सडा –गला प्लास्टिक पन्नी से रफू एवं छोटी कट्टी सभी प्रकार के माल का खाली बारदाना सम्मिलित है। जिस पार्टी की दरें अनुमोदित होगी उसे उक्त वर्णित सभी प्रकार का बडा बारदाना अठाना होगा । अलग से छटाई नही दी जावेगी।
7. निविदाकार द्वारा जमा की गई राशि से स्वयं क्रेता को ही बारदाना दिया जावेगा, अन्य किसी क्रेता को बारदाना, जमा राशि से नहीं दिया जावेगा।
8. बारदाना जहां है उसी श्रेणी व स्थिति में उठाना होगा। बारदाना उठाने के पश्चात् संस्था की किसी भी प्रकार की जबाबदारी नहीं रहेगी। बारदाना लोडिंग संयंत्र स्टाफ व सुरक्षा गार्ड के समक्ष गिनवाकर होगी, जिसे उनके द्वारा सत्यापित किया जायेगा।
9. सुपुर्दगी कार्यालयीन दिन व समय में की जावेगी। विशेष परिस्थिति में कार्यालय समय पश्चात् माल की सुपुर्दगी देना प्रभारी महाप्रबंधक के विशेषाधिकार में रहेगा। बारदाना लोडिंग के पूर्व खाली ट्रक तुलवाना तथा लोडिंग के प्श्चात् भरा ट्रक तुलवाकर, नेट वजन चालान में अंकित कराना अनिवार्य होगा।
10 निविदा में बारदाने की दी गई मात्रा अनुमानित है जो कि कम या अधिक हो सकती है।
11. सुरक्षा राशि के एवज में बारदाना नहीं दिया जावेगा। सुरक्षा राशि अनुमोदित अवधि की समाप्ति पर क्रेता द्वारा मूल रसीद के साथ आवेदन प्रस्तुत करने पर ही चैक द्वारा वापस की जावेगी।
12. यदि निविदाकार द्वारा निर्धारित शर्तों का किसी प्रकार से उल्लंघन किया जाता है तो सुरक्षा राशि एवं अन्य जमा सम्पूर्ण राशि राजसात कर ली जावेगी।
13. पुराने बारदानों के विक्रय हेतु, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित, ग्वालियर द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा।
14. किसी भी विवाद की स्थिति में प्रबंध संचालक एमपीसीडीएफ ,भोपाल के समक्ष प्रकरण रखा जावेगा जिनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।
15. समस्त अदालती विवाद ग्वालियर न्यायालय के क्षेत्राधिकार में होंगे ।
16. संघ द्वारा उल्लेखित शर्तो का दृढ़ता के साथ पालन करना अति आवश्यक रहेगा। यदि अनुबंधकर्त्ता शर्तों का परिपालन करने में असफल/अनियमित पाया गया तो किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के या बिना कारण दर्शाये अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सुरक्षित रहेगा।
17. शेष शर्तें निविदा अनुसार रहेगी।
18. आर्बीटेशन की स्थिती में आर्बीटेशन एक्ट 1996 के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

हस्ताक्षर प्रथम पक्षकार
प्रभारी महाप्रबंधक
पशु आहार संयंत्र शिवपुरी

हस्ताक्षर द्वितीय पक्षकार
ठेकेदार

ग्वाहः

1. हस्ताक्षर.................................
   नाम.......................................
   पता.......................................
2. हस्ताक्षर................................
   नाम.......................................
   पता.......................................

1. हस्ताक्षर.................................
   नाम.......................................
   पता.......................................
2. हस्ताक्षर................................
   नाम.......................................
   पता.......................................

# Annexure-III(अ)
# तकनीकी प्रपत्र एवं EMDविवरण
# लिफाफा–A
# पशु आहार संयंत्र शिवपुरी
## :: पुराना बारदाना विक्रय–ई–निविदा (तृतीय)::

| | |
|---|---|
| निविदाकर्ता / फर्म का नाम | : ———————————————————————— |
| पत्राचार का पूरा पता (सत्यापित) | :———————————————————————— |
| ई–मेल पता | : ———————————————————————— |
| फर्म का पंजीयन क्रमांक | : ———————————————————————— |
| फर्म का बैंक खाता विवरण | : ———————————————————————— |
| आई.एफ.एस.कोड, | : ———————————————————————— |
| बैंक का नाम एवं शाखा | : ———————————————————————— |
| जीएसटी नम्बरः | ———————————————————————— |
| पैन नम्बर | : ———————————————————————— |
| दूरभाष कमांक / मोबाइल नं | :———————————————————————— |
| अमानत राशि रूपये | : ———————————शब्दों में ——————————— |
| ऑनलाईन आईडी कमांक व दिनांक | : ———————————————————— |

**निविदाकर्ता के हस्ताक्षर**

## Annexure-III(ब)

# Financial Bids

### Approximate Quantity Of Old Jute/ Plastic Bags During The Year

| क्र0 | Type Of Bags | Quantity Of Bags From Shivpuri | Rate Of Bag Per No (Including Tax) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | Rupees In Numbers | Rupees In Words |
| 1 | Old Jute Bardana | 3.00 Lakhs | | |
| 2 | Old Plastic Bags | 3.00 Lakhs | | |

**नोटः–**

पुराना बड़ा बारदानों में फटा–सड़ा–गला, प्लास्टिक पन्नी से रफू एवं छोटी कट्‌टी सभी प्रकार के कच्चे माल का खाली बारदाना सम्मिलित है। जिस पार्टी की दरें अनुमोदित होंगी, उसे उक्त वर्णित सभी प्रकार का बड़ा बारदाना उठाना होगा। अलग से छटाई नहीं करने दी जावेगी।

आपके पत्र क्रमांक/विज्ञापन ———————————दिनांक ——————————/ के अनुसार मुझे मुख्य कार्यपालन अधिकारी , ग्वालियर सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित ग्वालियर द्वारा निर्धारित पुराने बारदानों के विक्रय संबंधित सभी शर्ते मान्य हैं।

दिनांक ————————————                निविदाकर्ता के हस्ताक्षर